उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्या– 181/A-5/DR/ S.I. /E-5/2023-24 दिनाँक :: 30 सितम्बर, 2024

विज्ञप्ति

उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक (पी0ए0सी0/आई0आर0बी0) एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा–2024

उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक (पी0ए0सी0/आई0आर0बी0) एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा–2024 के अन्तर्गत पुलिस कार्यालय सेनानायक 46वीं वाहिनी पीएसी टा0फो0 रूद्रपुर ऊधमसिंहनगर ने अपने पत्र संख्या– भ–20/2024 के माध्यम से सूचित किया है कि **भर्ती केन्द्र 46वीं वाहिनी पीएसी टा0फो0 रूद्रपुर ऊधमसिंहनगर** में निम्नलिखित विवरणानुसार आवश्यक प्रमाण–पत्र सहित शारीरिक नाप–जोख/शारीरिक दक्षता परीक्षा कराये जाने के संबंध में निम्नलिखित दिनांक को प्रतिभाग कर सकते है–

क्र0 सं0	अभ्यर्थियों का विवरण	निर्धारित तिथि एवं समय
01	दिनांक 12.09.2024 को सम्पन्न शारीरिक माप–जोख परीक्षा में उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जिनकी अग्रेतर दक्षता परीक्षा वर्षा के कारण स्थगित की गयी थी।	07.10.2024 (प्रातः 6:00 बजे)
02	1– दिनांक 13.09.2024 को सम्पन्न शारीरिक माप–जोख परीक्षा में उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जिनकी अग्रेतर दक्षता परीक्षा वर्षा के कारण स्थगित की गयी थी। 2– ऐसे अभ्यर्थी जो की दिनांक 02.09.2024 से 14.09.2024 तक की अवधि के दौरान शारीरिक माप–जोख/दक्षता परीक्षा हेतु उपस्थित हुये थे परन्तु प्रवेश पत्र में छूट हेतु ''NO'' अंकित होने के कारण उन्हें पर्वतीय/एस0टी0 श्रेणी में छूट का लाभ प्रदान नही किया गया था, के द्वारा छूट सम्बन्धित वैध अभिलेख/प्रमाण पत्र (20 फरवरी 2024 तक/पूर्व में जारी) प्रस्तुत करने पर।	08.10.2024 (प्रातः 6:00 बजे)
03	ऐसे सभी अभ्यर्थी जिनकी शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 02.09.2024 से 17.09.2024 तक नियत थी परन्तु वह नियत तिथि के उपचारधीन/बीमार होने/किसी अन्य परीक्षा में सम्मिलित होने/अन्य किसी आकस्मिक कारण से उपस्थित नही हो पाये थे एवं उनके द्वारा स्वयं की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में उचित माध्यम से प्रार्थना पत्र मय अभिलेख/साक्ष्य कार्यालय/भर्ती केन्द्र में प्रस्तुत किये गये।	09.10.2024 (प्रातः 6:00 बजे)
04	ऐसे अभ्यर्थी जिनकी शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 18.09.2024 से 05. 10.2024 तक नियत थी/हैं परन्तु वह नियत तिथि को उपचारधीन/बीमार होने/किसी अन्य परीक्षा में सम्मिलित होने/अन्य किसी आकस्मिक कारण से उपस्थित नही जो पाये थे/हो पा रहे है, एवं उनके द्वारा स्वयं की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में उचित माध्यम से प्रार्थना पत्र मय अभिलेख/साक्ष्य कार्यालय/भर्ती केन्द्र में प्रस्तुत किये गये।	10.10.2024 (प्रातः 6:00 बजे)
05	ऐसे अभ्यर्थी जो कि शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान चोटिल होने के कारण आगे की परीक्षा में प्रतिभाग नही कर पाये।	10.10.2024 (प्रातः 6:00 बजे)

नोट–

1– क्रमांक 01 एवं 02 (1) पर अंकित अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र साथ लेकर आयेगें।

2– क्रमांक 02 (2) पर अंकित अभ्यर्थियों कों छूट सम्बन्धीं प्रमाण पत्र (पर्वतीय निवास प्रमाण पत्र/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र) साथ लेकर आना आवश्यक होगा।

3– क्रमांक 03, 04 एवं 05 पर अंकित अभ्यर्थियों को फिटनेस प्रमाण–पत्र एवं 02 फोटो साथ लेकर आना आवश्यक है बिना फिटनेस प्रमाण–पत्र के परीक्षा में सम्मिलित नही होने दिया जायेगा। यदि वह छूट की श्रेणी में आते हो, तो उन्हे छूट संबंधी प्रमाण–पत्र (पर्वतीय निवास प्रमाण पत्र/अनुसूचित जनजाति प्रमाण) लाना आवश्यक होगा।

अतः अभ्यर्थी उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार **परीक्षा केन्द्र–46वीं वाहिनी पीएसी टा0फो0 रूद्रपुर ऊधमसिंहनगर** में शारीरिक नाप–जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित दिनांक को उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

-Sd-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।